FORM N0. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

शकुर खां बनाम उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण

किस्म मुकदमा/प्रार्थना पत्र/बाजदायरी/नं0/2022/**266** जिला अजमेर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
	निग0 अधि0 : श्री लेखू मंघानी	
11.07.2022	पत्रावली पेश हुई। यह बाजदायरी प्रार्थना–पत्र मूल अपील संख्या 2020/01133 बउनवान शकुर खां बनाम उपायुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण में निर्णय दिनांक 16.11.2021 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरूद्ध निगरानीकर्त्ता की ओर से अभिभाषक श्री लेखू मंघानी द्वारा दिनांक 13.12.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी के अभिभाषक को सुना गया। प्रार्थना पत्र बाजदायरी दर्ज रजिस्टर हो। निगरानीकर्त्ता अभिभाषक की बाजदायरी प्रार्थना पत्र पर हुई बहस पर मनन किया तथा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का अवलोकन किया गया। न्यायहित मे निगरानीकर्त्ता का बाजदायरी प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। प्रार्थना पत्र से सम्बंधित मूल निगरानी 2020/01133 बउनवान शकुर खां बनाम उपायुक्त, अजमेर विकास प्राधिकरण पुनः नम्बर पर ली जाकर दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ़्तर हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned with CamScanner